# मैकग्रेगर मेमोरियल मेडल

## चर्चा में क्यों?

16 अप्रैल 2025 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) **जनरल अनिल चौहान** ने पाँच सैन्य कर्मियों को **वर्ष 2023 और 2024** के लिये **मैकग्रेगर मेमोरियल मेडल** से सम्मानित किया।

## मुख्य बिंदु

- **विजेताओं के बारे में:**
  - उन्हे यह सम्मान **सैन्य टोही, अन्वेषण और साहसिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान** के लिये दिया गया है।
  - वर्ष 2023 के लिये पुरस्कार विजेताओं में वायुसेना **के विंग कमांडर डी. पांडा** और नौसेना **के इलेक्ट्रिकल आर्टिफिसर (रेडियो) राहुल कुमार पांडे** शामिल थे।
  - वहीं वर्ष 2024 के लिये **नौसेना के चीफ इलेक्ट्रिकल एयरक्राफ्ट आर्टिफिसर (रेडियो) राम रतन जाट** और **वायुसेना के सार्जेंट झूमर राम पूनिया** को पदक से सम्मानित किया गया।
  - इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान के निदेशक **कर्नल रणवीर सिंह जामवाल** को भी सम्मानित किया गया।
- **मैकग्रेगर मेमोरियल मेडल**
  - मैकग्रेगर मेमोरियल मेडल यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (USI) के संस्थापक मेजर जनरल **सर चार्ल्स मेटकाफ मैकग्रेगर** की याद में दिया जाता है।
  - इस पुरस्कार की स्थापना 3 जुलाई, 1888 में गयी थी।
  - इस पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य सैन्य बलों द्वारा की गई **टोही और खोजपूर्ण यात्राओं को सम्मानित करना** था, लेकिन वर्ष **1986 में इस पुरस्कार के दायरे को बढ़ाकर** इसमें **सैन्य अभियानों और साहसिक गतिविधियों** को भी शामिल कर लिया गया।
  - यह पुरस्कार अब भारतीय सशस्त्र बलों**, प्रादेशिक सेना, रिज़र्व बलों, राष्ट्रीय राइफल्स और असम राइफल्स** के सभी सेवारत और सेवानिवृत्त रैंकों के लिये खुला है।
  - अब तक कुल **127 मैकग्रेगर मेडल** प्रदान किये जा चुके हैं, जिनमें से **103 पदक स्वतंत्रता से पहले** के हैं।

## चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS):

- CDS 'चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी' के स्थायी अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है जिसमें तीनों सेवाओं के प्रमुख भी सदस्य होंगे।
  - उसका मुख्य कार्य भारतीय सेना की त्रि-सेवाओं के बीच अधिक-से-अधिक परिचालन तालमेल को बढ़ावा देना और अंतर-सेवा विरोधाभास को कम-से-कम करना है।
- वह रक्षा मंत्रालय में नवनिर्मित सैन्य मामलों के विभाग (DMA) का प्रमुख भी है।
  - वह सेना के तीनों अंगों के मामले में रक्षा मंत्री के प्रमुख सैन्य सलाहकार के रूप में कार्य करेगा, लेकिन इसके साथ ही तीनों सेनाओं के अध्यक्ष रक्षा मंत्री को अपनी सेनाओं के संबंध में सलाह देना जारी रखेंगे।
  - DMA के प्रमुख के तौर पर CDS को चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के स्थायी अध्यक्ष के रूप में अंतर-सेवा खरीद निर्णयों को प्राथमिकता देने का अधिकार प्राप्त है।
- CDS को तीनों प्रमुखों को निर्देश देने का अधिकार भी दिया गया है।
  - हालाँकि उसे सेना के किसी भी कमांड का अधिकार प्राप्त नहीं है।
- CDS का पद समकक्षों में प्रथम है, उसे DoD (रक्षा विभाग) के भीतर सचिव का पद प्राप्त है और उसकी शक्तियाँ केवल राजस्व बजट तक ही सीमित रहेंगी।
- वह परमाणु कमान प्राधिकरण (NCA) में सलाहकार की भूमिका भी निभाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mcgregor-memorial-medal